


आयुक्त के आश्वासन पर भूख हड़ताल टली, अन्य विरोध कार्यक्रम यथावत

# स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग पर भूख हड़ताल एक दिन के लिए स्थगित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश के एमबीबीएस प्रशिक्षु चिकित्सक एवं भावी प्रशिक्षु चिकित्सक स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। सोमवार से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। प्रशिक्षु चिकित्सकों की मांग है कि वर्तमान में मिलने वाला 14 हजार 337 रुपये का स्टाइपेंड बढ़ाकर 30 हजार रुपये किया जाए।

सोमवार को गांधी चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में डॉ. कृष्णा और डॉ. संकेत अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल प्रारंभ करने वाले थे। इससे पहले चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त एस. धनराजू ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर मांगों पर गंभीरता से चर्चा करने का आश्वासन दिया। आयुक्त के इस आश्वासन के बाद भूख हड़ताल को मंगलवार तक के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

जूडा ने स्पष्ट किया है कि केवल भूख हड़ताल को अस्थायी रूप से टाला गया है। आंदोलन, कार्यस्थगन और अन्य सभी विरोध कार्यक्रम पहले की तरह जारी रहेंगे। संगठन का कहना है कि नियमित कार्य तभी शुरू किया जाएगा, जब उनकी मांगों के संबंध में सक्षम स्तर से लिखित आश्वासन प्राप्त होगा।

जूडा का कहना है कि प्रशिक्षु चिकित्सकों को वर्तमान में दिया जा रहा स्टाइपेंड पर्याप्त नहीं है। इसलिए लंबे समय से स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग की जा रही है। संगठन ने दोहराया है कि जब तक मांगों पर सकारात्मक और लिखित निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाली बैठक और उसके परिणाम पर टिकी हैं।

# अंतिम समय में उड़ान बदली, एयरलाइन को क्षतिपूर्ति देने का दिया आदेश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने छह वरिष्ठ नागरिक यात्रियों की कश्मीर यात्रा अंतिम समय में प्रभावित होने के मामले में एयर इंडिया को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए 96 हजार रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया है।

आयोग ने एयरलाइन को 90 हजार रुपये क्षतिपूर्ति तथा 6 हजार रुपये वाद व्यय देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आदेश की राशि परिवाद दायर होने की तिथि 8 दिसंबर 2024 से सात प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज सहित दो माह के भीतर अदा करने को कहा है।

आयोग ने माना कि एयरलाइन ने यात्रा प्रारंभ होने से लगभग दो घंटे पहले उड़ान का कार्यक्रम बदल दिया।

यात्रियों को न तो समय पर पर्याप्त सूचना दी गई और न ही वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। उड़ान में विलंब के कारणों के संबंध में भी एयरलाइन कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सकी। आयोग ने इसे उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत सेवा में कमी माना।

प्रकरण के अनुसार भोपाल निवासी छह वरिष्ठ नागरिकों ने 11 मई 2024 की भोपाल-दिल्ली-श्रीनगर तथा 17 मई 2024 की वापसी यात्रा के लिए अग्रिम टिकट आरक्षित कराए थे। टिकटों पर लगभग एक लाख 18 हजार रुपये खर्च किए गए थे। इसके अलावा श्रीनगर, पहलगाम और गुलमर्ग में होटल, हाउसबोट, स्थानीय भ्रमण, टैक्सी तथा अन्य पर्यटन सेवाओं की भी अग्रिम बुकिंग कर ली गई थी।

परिवाद में बताया गया कि यात्रा शुरू होने से लगभग दो घंटे पहले एयरलाइन ने सूचित किया कि निर्धारित यात्रा संभव नहीं होगी और अगले दिन भेजा जाएगा। इससे पूरा यात्रा कार्यक्रम प्रभावित हो गया तथा यात्रियों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्रियों ने आरोप लगाया कि समय पर सूचना नहीं मिलने के कारण उन्हें वैकल्पिक व्यवस्थाएं करनी पड़ीं और उनकी पूर्व निर्धारित यात्रा पूरी तरह बाधित हो गई।

# बाघ सप्ताह के तहत वन विहार में पाम पेंटिंग प्रतियोगिता



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के उपलक्ष्य में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित बाघ सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को पाम पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन में बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। वन विहार के संचालक विजय कुमार के निर्देशन में विहार वीथिका में आयोजित प्रतियोगिता में सेंट जॉर्ज स्कूल, जवाहरलाल स्कूल और गुरु नानक पब्लिक स्कूल के कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय 'मध्यप्रदेश में बाघ' रखा गया। इसमें 50 विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी सहभागिता की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के साथ प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा चार प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। पुरस्कार वितरण वन विहार की सहायक संचालक डॉ. रूही हक ने किया। बाघ सप्ताह के अंतर्गत 28 जुलाई को प्रातः सात से नौ बजे तक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में पक्षी अवलोकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# ब्रिक्स देशों की सांस्कृतिक विरासत का साक्षी बनेगा भोपाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ब्रिक्स देशों का संस्कृति सम्मेलन 5 से 8 अगस्त तक भोपाल में आयोजित होगा। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्री और प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसके साथ ही सदस्य देशों के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने सोमवार को संभागायुक्त कार्यालय में सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की संचालक प्रियंका चंद्र ने आभासी माध्यम से भाग लिया। इसके अलावा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, स्मार्ट सिटी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजू अरुण कुमार, संयुक्त आयुक्त डॉ. विनोद यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि सम्मेलन की सभी व्यवस्थाएं भारतीय संस्कृति, गौरव और परंपरा के अनुरूप उत्कृष्ट हों। उन्होंने सूक्ष्म स्तर पर योजना बनाकर केंद्र और राज्य शासन के विभागों के बीच समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 5 और 6 अगस्त को मिंटो हॉल में ब्रिक्स देशों की तकनीकी समितियों की बैठकें होंगी। छह अगस्त की शाम रवीन्द्र भवन में ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव के अंतर्गत कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। सात अगस्त को संस्कृति मंत्रियों का आगमन होगा। वे जनजातीय संग्रहालय, वन विहार और राज्य संग्रहालय का भ्रमण करेंगे। आठ अगस्त को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संस्कृति मंत्रियों की बैठक आयोजित होगी, जिसके बाद सांची स्तूप के भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

# मंत्री नागर सिंह ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मंत्री नागर सिंह चौहान ने सोमवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं की ओर से रखी गई विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं और सुझाव मंत्री के समक्ष रखे।

# पटवारी के बयान पर भाजपा ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के दतिया विधानसभा उपचुनाव के दौरान दिए गए बयान को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पार्टी ने चुनाव प्रचार की शेष अवधि के लिए दतिया विधानसभा क्षेत्र में उनके प्रवेश और चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का भी आग्रह किया है। भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि जीतू पटवारी ने चुनावी सभा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा शासकीय संस्थाओं के संबंध में तथ्यहीन और तर्कहीन आरोप लगाए हैं। पार्टी के अनुसार ऐसे बयान मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने के साथ ही शासकीय संस्थाओं की निष्पक्षता पर भी अनावश्यक प्रश्नचिह्न खड़े करते हैं। शिकायत में कहा गया है कि इस प्रकार के वक्तव्यों से मतदाताओं के बीच भ्रम और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है तथा क्षेत्र की कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। निर्वाचन आयोग से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने और शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने का आग्रह किया है।

## शूटिंग विश्व कप में भारत को दो पदक, मुख्यमंत्री ने दी बधाई


**नप्र, भोपाल** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चीन के हांगझोउ में आयोजित आईएसएसएफ शूटिंग विश्व कप-2026 की महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत की निशानेबाज ईशा सिंह के स्वर्ण पदक और मनु भाकर के कांस्य पदक जीतने पर दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की बेटियां विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि ईशा सिंह और मनु भाकर ने विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर पूरे देश का सम्मान बढ़ाया है।

**राजा मुथुपांडी को बधाईः** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल की पुरुष 65 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर राजा मुथुपांडी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राजा मुथुपांडी की यह उपलब्धि देश के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

## वरिष्ठ नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं देने की मांग

**नप्र, भोपाल :** राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय महासचिव अरुण वर्मा तथा राष्ट्रीय प्रशासनिक रेल प्रभारी अनिल बाजपेई ने 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि देश के बुजुर्गों को चिकित्सा बीमा, रियायती यात्रा, ऋण सुविधा तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं से वंचित नहीं रखा जाना चाहिए। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल, बस और हवाई यात्रा में पूर्व की भांति रियायत दी जाए। इसके साथ ही चिकित्सा बीमा, ऋण सुविधा तथा न्यायालयों में वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। अरुण वर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनके हितों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। परिषद ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक निर्णय लिए जाएं, जिससे उन्हें सम्मानजनक और सुविधाजनक जीवन उपलब्ध हो सके।

# सरोजिनी नायडू महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया



पोस्टर, नारा प्रतियोगिता और जागरूकता रैली के माध्यम से छात्राओं ने वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद प्राचार्य डॉ. गोस्वामी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कारगिल के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को नमन किया। उन्होंने छात्राओं से राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पोस्टर निर्माण और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने देशभक्ति, वीरता और राष्ट्रप्रेम की भावना को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इसके बाद जागरूकता रैली निकालकर कारगिल के वीर सैनिकों के शौर्य और बलिदान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कैडेट कोर की अधिकारी डॉ. नेहा चौधरी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी डॉ. वर्षा धाकड़ ने किया।

# डॉ. डहेरिया की पुस्तक का विमोचन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, के जनसंचार विभाग के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. प्रदीप डहेरिया की पुस्तक 'जनमाध्यम, युवा और मीडिया साक्षरता' का विमोचन विश्वविद्यालय में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषयक संकाय विकास कार्यक्रम के दौरान किया गया। पुस्तक का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष कुमार सिंह, मीडिया एवं सूचना प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ बालेंदु शर्मा दाधीच, कुलसचिव पी. शशिकला, जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजय द्विवेदी, विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पवित्र श्रीवास्तव तथा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की डॉ. आरती सारंग की उपस्थिति में हुआ। डॉ. डहेरिया पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय से मीडिया अध्ययन और अध्यापन से जुड़े हुए हैं। उनकी यह पुस्तक विशेष रूप से जनसंचार माध्यमों, युवाओं और मीडिया साक्षरता पर केंद्रित है। पुस्तक में समाज और आमजन के लिए मीडिया साक्षरता की आवश्यकता को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। पुस्तक में मुद्रित माध्यम, रेडियो, दूरदर्शन, डिजिटल माध्यम, अंतरजाल तथा सामाजिक माध्यम सहित जनसंचार के सभी प्रमुख माध्यमों के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। पुस्तक की भूमिका विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने लिखी है।

# छात्र उदित गायकी प्रकरण में आरोपी आरक्षक को राहत नहीं

**सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत याचिका खारिज की, निचली अदालत को शीघ्र सुनवाई के निर्देश**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के चर्चित छात्र उदित गायकी मृत्यु प्रकरण में आरोपी निलंबित आरक्षक संतोष बामनिया को सर्वोच्च न्यायालय से राहत नहीं मिली है। न्यायालय ने उसकी जमानत याचिका खारिज करते हुए निचली अदालत को प्रकरण की सुनवाई शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

अक्टूबर 2025 के इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने जमानत देने से इनकार कर दिया तथा मामले के त्वरित निस्तारण पर बल दिया।

यह मामला भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र का है। वीआईटी महाविद्यालय के बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र उदित गायकी अपने साथियों के साथ इंद्रपुरी क्षेत्र में मौजूद था। आरोप है कि देर रात पहुंची पुलिस टीम ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शव परीक्षण की प्रारंभिक प्रतिवेदन में अग्न्याशय में गंभीर चोट तथा मारपीट के कारण मृत्यु होने की बात सामने आई। इसके बाद दो आरक्षकों, संतोष बामनिया और सौरभ आर्य, को निलंबित कर दिया गया।

विश्वस्तरीय चिकित्सा, अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञ एवं 100 बिस्तरों के साथ
गैस्ट्रोकेयर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
में लिवर, पेन्क्रियाज, पित्ताशय, पेट, आँत, हर्निया, एपेंडिक्स, पाइल्स, फिशर, किडनी, कैंसर एवं कैंसर सर्जरी, स्त्री रोग, मूत्र रोग, मधुमेह, हार्मोन संबंधी रोग तथा मोटापे की सर्जरी के उन्नत उपचार की सुविधा उपलब्ध है।




हमारी प्रमुख विशेषज्ञ सुविधाएँ
Advanced Endoscopy Centre
• ESG • POEM • ERCP • EUS
• Capsule Endoscopy
• Double-Balloon Enteroscopy
Ultra-Modern Modular OT with 3D Laparoscopic System
• GI • Gynae • Urology • Cancer Surgery
Hi-Tech Radiology Unit
• CT Scan • Color Doppler • Fluoroscopy
Advanced Pathology Department
GI Physiology Lab
• Advanced Manometry • pHmetry
• H. Pylori Breath Test

मध्यप्रदेश में पहली बार अत्याधुनिक तकनीकें



FibroScan Echosens Expert 630: लिवर एवं स्प्लीन की दर्दरहित जाँच • बायोप्सी का Non-invasive विकल्प
SpyGlass System: पित्त नली की सटीक जाँच एवं उपचार • हाई-डेफिनिशन विज़ुअल डायग्नोसिस
Holmium Laser Technology: पित्त की नली एवं किडनी की पथरी का ऑपरेशन रहित इलाज

BIG Gastrocare Multi Speciality Hospital
E-3/120, 121, अरेरा कॉलोनी भोपाल
फोन: 0755-4055123, 4701444
हेल्पलाइन: 9300 951 215

सुरक्षा | गौ संरक्षण को लेकर प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन

# प्रत्येक जिले में आदर्श गौशाला व अभयारण्य स्थापित करने की मांग




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' से जुड़े प्रतिनिधियों ने सोमवार को प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से स्मरण पत्र सौंपकर गौवंश के संरक्षण, सुरक्षा और सम्मान के लिए केंद्र स्तर पर ठोस कदम उठाने की मांग की। अभियान से जुड़े लोगों ने बताया कि इससे पहले भी 27 जून को इसी विषय पर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण पुनः स्मरण पत्र दिया गया है।

स्मरण पत्र में गौवंश संरक्षण के लिए अलग केंद्रीय कानून बनाने, गौ-पालन मंत्रालय का गठन करने तथा गौवंश के संरक्षण को अधिक प्रभावी बनाने की मांग की गई है। इसके साथ ही गौ-तस्करी और गौ हत्या पर कठोर दंडात्मक प्रावधान लागू करने का भी आग्रह किया गया है।

अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रत्येक जिले में आदर्श गौशाला अथवा गौ-अभयारण्य स्थापित करने का सुझाव भी दिया है, जिससे निराश्रित और असहाय गौवंश के संरक्षण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा गौमाता को राष्ट्रीय दर्जा दिए जाने की मांग भी दोहराई गई।

प्रतिनिधियों ने बताया कि देशभर से प्राप्त हस्ताक्षरों की डिजिटल प्रतियां पेन ड्राइव के माध्यम से प्रशासन को उपलब्ध कराई जा रही हैं। आवश्यकता पड़ने पर हस्ताक्षरों के मूल दस्तावेज भी प्रस्तुत किए जाएंगे।